न्यूज डायरी

सम्मेद शिखरजी तीर्थ को पर्यटन स्थल बनाने का विरोध, रैली निकाली

ग्रेटर नोएडा। जैन विश्व जैन संगठन ने बुधवार को जेवर में झारखंड सरकार के काले कानून के विरोध में रैली निकाली। दिगंबर जैन मंदिर जेवर से तहसील तक रैली निकालकर एसडीएम जेवर को ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि झारखंड सरकार ने जैन समाज के सबसे बड़े तीर्थ तीर्थराज पर्वत सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल की सूची में डाल दिया है। ऐसा कर सरकार ने जैन धर्म के संस्कारों पर बड़ा हमला किया है। पर्यटन स्थल बनाने से यहां पर मांस-मदिरा का उपयोग होगा। जैन धर्म इसकी अनुमति नहीं देता है। ज्ञापन के माध्यम से झारखंड सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द कानून को निरस्त कर सम्मेद शिखरजी को पवित्र शुद्ध शाकाहारी क्षेत्र घोषित करें। इस मौके पर सुधीर जैन, जैनेंद्र जैन, चालक चंद जैन, महेंद्र जैन, सुनील जैन, मनोज जैन, राम अवतार, नीरज जैन, विनित जैन, राजेंद्र जैन, जितेंद्र जैन, कुलदीप जैन, अमीश जैन, रूपम जैन, बंटी जैन, रीता जैन, सोमा जैन और मीना जैन मौजूद रही। ब्यूरो

तेजाब बेचने वालों के खिलाफ अभियान

नोएडा। एसिड अटैक पीड़िताओं ने समाजसेवियों के साथ मिलकर बुधवार नोएडा में तेजाब बेचने का रिपोर्ट चेक अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न दुकानों पर जाकर एसिड खरीदा। एसिड अटैक सर्वाइवर अंतु राजपूत ने बताया कि कई दुकानों पर जाकर एसिड खरीदा, लेकिन किसी ने कोई पूछताछ नहीं की और ही कागज मांगे। अतुल यादव ने बताया कि तीन-तीन लोगों के ग्रुप बनाकर नोएडा के कई इलाकों में जांच की। तेजाब बेचने दुकानदारों के वीडियो भी बनाए। प्रिंस शर्मा ने बताया कि एसिड अटैक पीड़िताओं के साथ मिलकर यह अभियान कई दिनों तक चलाएंगे और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रिपोर्ट चेक करेंगे। इसके बाद जागरूकता अभियान चलाएंगे। हम शहर के अन्य लोगों को भी साथ जोड़ेंगे। वहीं, कोशिश बनाते हैं कि एसिड अटैक के बाद लोगों की जिंदगी बर्बाद हो रही है। ब्यूरो

ब्लाइंड क्रिकेट खिलाड़ियों का अभिनंदन

नोएडा। यूनलेस लिमिटेड के सीएसआर अशोक चतुर्वेदी ने बुधवार को सेक्टर-चार में इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम का अभिनंदन किया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 में भारत में ब्लाइंड क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए 50 लाख का सीएसआर अनुदान दिया है। समारोह में 17 खिलाड़ियों, कोच और फिजियो को 51-51 हजार रुपये का चेक भी दिया। चतुर्वेदी ने कहा कि बीसीसीआई खिलाड़ियों को मजबूत आर्थिक सहयोग प्रदान करें, ताकि वे देश का गौरव बढ़ाते रहें। ब्यूरो

पत्नी और बेटे से कुकर्म का आरोप

नोएडा। कोतवाली सेक्टर-49 क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पति पर कुकर्म का आरोप लगाया है। कोतवाली सेक्टर-49 पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बेटे से भी कुकर्म की बात कही है। पुलिस के मुताबिक महिला ने इसकी शिकायत देहरादून पुलिस से की थी। देहरादून से यह मामला ट्रांसफर होकर आया है, आरोपी पति कोतवाली सेक्टर-49 क्षेत्र में रहता है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। ब्यूरो

बदमाशों ने दो युवकों से मोबाइल लूटा

नोएडा। बाइक सवार बदमाशों ने सेक्टर-63 व 62 में दो युवकों से मोबाइल लूट लिया। सेक्टर-63 स्थित कंपनी में काम करने वाले अजीत मंगलवार को हल्दीराम के पास से जा रहे थे। तभी बाइक सवार बदमाशों ने उनसे मोबाइल लूट लिया। वहीं बाइक सवार बदमाशों ने मंगलवार को ही सेक्टर-62 में एक युवक से मोबाइल लूट लिया। पुलिस दोनों वारदातों की जांच कर रही है। ब्यूरो

बंगाल से अपहृत किशोरी को खोजा

नोएडा। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने बुधवार को जलपाईगुड़ी, पश्चिम बंगाल से अपहृत किशोरी को दो पटे में निठारी से खोज निकाला। पश्चिम बंगाल पुलिस की टीम से मिली फोटो के आधार पर निठारी में निवासियों और दुकानदारों से पूछताछ कर किशोरी को खोजा गया। मेडिकल जांच के बाद किशोरी को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। ब्यूरो

मल्टीप्वाइंट कनेक्शन पर जताई आपत्ति

नोएडा। मल्टीप्वाइंट कनेक्शन के मुद्दे पर सेक्टर-74 स्थित ग्रैंड जनगा हॉरिजेंस सोसाइटी के निवासियों ने आपत्ति जताई है। विद्युत नियम के नियमानुसार अगर सोसाइटी निवासियों को मल्टीप्वाइंट कनेक्शन चाहिए तो 51 परसेंट की कंसेंट जरूरी है। निवासी चंद्र प्रकाश गर्ग ने बताया कि मल्टीप्वाइंट के लिए निवासियों से सर्वे नहीं कराया और गलत तरीके से बिना बताए पांच दिसंबर को कंसेंट लिया और गलत तरीके से बिना बताए पांच दिसंबर को कंसेंट लिया गया। निवासी मल्टीप्वाइंट के पक्ष में विद्युत निगम में जमा करा दिया गया। निवासी मल्टीप्वाइंट के पक्ष में विद्युत निगम में जमा करा दिया गया। निवासी निल गोयल ने बताया की सोसाइटी में 1747 फ्लैट्स है। मल्टीप्वाइंट लगने से हर घर पर अतिरिक्त भार पड़ेगा। वहीं निवासी जगदीश कुमार ने बताया कि मल्टीप्वाइंट की वजह से कॉमन एरिया इलेक्ट्रिसिटी का भी अतिरिक्त भार पड़ेगा। निवासियों की की मांग है कि सोसाइटी में मल्टीप्वाइंट का सर्वे कराया जाए। ब्यूरो

नाले में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

थाना इकोटेक-3 क्षेत्र के जलपुरा गांव का मामला, पुलिस ने शुरू की छानबीन

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। थाना इकोटेक-3 क्षेत्र के गांव जलपुरा में युवक की हत्या कर शव नाले में फेंक दिया गया। बुधवार सुबह पुलिस ने शव बरामद किया। युवक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसकी शिनाख्त आदर्श कुमार (26) निवासी सीवान के रूप में हुई है। जलपुरा गांव के नाले में बुधवार की सुबह एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को बाहर निकाला और पहचान कराई। आदर्श किसान यह जलपुरा में राजेंद्र सिंह के मकान में किराए पर रह रहा था। वह फेज-2 स्थित कंपनी में नौकरी करता था।

पुलिस ने परिजनों ने मामले की जानकारी दे दी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। हत्या की आशंका देखते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या या मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

लॉ के छात्र की डूबने से हुई थी मौत

ग्रेटर नोएडा। पैर फिसल जाने से लॉ का छात्र नाले गिर गया था। उसने बाहर निकालने का काफी प्रयास किया मगर असफल रहा। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने की वजह से छात्र की मौत होने की बात सामने आई है। वहीं मामले में परिजनों ने पुलिस में शिकायत नहीं दी है। बुधवार को छात्र के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने मोबाइल देखते समय छात्र का पैर फिसलने की आशंका जताई है। पुलिस के मुताबिक कबीर राजबहादुर यादव का बेटा दीनदयाल समिति से बीएएलएलबी कर रहा था। सोमवार की यह संदिग्ध हालत में लापता हो गया था। परिजन की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करके दीनदयाल की तलाश शुरू की। सीसीटीवी व मोबाइल लोकेशन के आधार छात्र का पता लगाया गया। छात्र के मोबाइल की अंतिम लोकेशन खुले नाले के पास दिखाई दी। मौके पर एनडीआरएफ को बुलाया गया। सर्च अभियान में मंगलवार देर रात को एनडीआरएफ ने छात्र के शव को नाले से ढूंढ निकाला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी छात्र की पानी में डूबने से मौत होना आया है। ब्यूरो

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ खुलासा, परिजनों ने नहीं दी कोई शिकायत

संतुलन बिगड़ने से सीवर में गिरा प्लंबर, जान गई

दनकौर (संवाद)। सब्जी मंडी के नजदीक सीवर में गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कस्बे के नया बांस निवासी महावीर उर्फ मेती (42) प्लंबर का काम करता था। बुधवार दोपहर वह कस्बे में स्थित सब्जी मंडी के नजदीक सीवर के पास की दीवार पर बैठा हुआ था। संतुलन बिगड़ने से वह सीवर में गिर गया। हादसे में उसकी मौत हो गई।

उसी समय वहां से जा रहे व्यक्ति ने सीवर में उसे देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान महावीर उर्फ मेती के रूप में हुई है। सूचना के बाद परिवार समेत अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक सीवर में दम घुटने की वजह से महावीर की मौत हुई है। परिजनों की ओर से इस संबंध में किसी के विरुद्ध कोई शिकायत नहीं दी गई है।

इमारत बनाने के नाम पर 67 करोड़ रुपये की ठगी

कंपनी निदेशक ने सहयोगी कंपनी पर लगाया अरोप, केस दर्ज

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा। एक कंपनी के निदेशक के साथ सहयोगी कंपनी ने प्रोजेक्ट का निर्माण और विकास के नाम पर 67.80 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने पैसे लेने के बाद भी प्रोजेक्ट पूरा नहीं किया। साथ ही पैसे लौटाने से इन्कार कर दिया। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस ने रवि मोहन सेठी, अक्षय मोहन सेठी, हिमांशु माथुर, अरविंद कुमार सिंह, शिवाशीष चटर्जी, युवराज चाणक्य सिंह, विवेक गुप्ता, और पुनंदर भाटिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-77 निवासी हर्षित सिंह मेसर्स अभी कम्यूशाफ्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक हैं। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने कहा है कि मार्च 2017 में उनकी कंपनी को एक प्रोजेक्ट मिला था। जिसका 85 फीसदी शेयर उनकी कंपनी को दिया गया था। जबकि 10 फीसदी शेयर आरोपी कंपनी को दिया गया था और 5 प्रतिशत शेयर अन्य के पास थे। हर्षित के मुताबिक प्रोजेक्ट देने वाली कंपनी ने उनको सेक्टर-127 नोएडा में 1002.50 वर्गमीटर जमीन दी थी। जिस पर उनको ऑफिस और बिल्डिंग बनाना था। इसी बीच कंपनी के एक अधिकारी के जरिए उनकी मुलाकात आरोपियों से हुई थी। उन्होंने बताया मुलाकात में रवि मोहन सेठी और अजय मोहन सेठी ने ज्वाइंट वेंचर का प्रस्ताव दिया। आरोपियों ने उनको अपने झांसे में लेने के बाद उनको एक इंश्योरेंस कंपनी से लोन दिलाने का भी प्रलोभन दिया।

आरोप है उनको अपने झांसे में फंसाने के लिए उनकी कंपनी के अधिकृत अधिकारी को बैंक और फाइनेंस से जुड़े लोगों से मिलाकर एक लुभावने बिजनेस मॉडल का उनके सामने प्रस्ताव रखा। जिसमें प्रोजेक्ट के पहले फेज को 18 माह में पूरा कर देने की बात कही गई। इसके साथ ही पहले फेज के दौरान ही कंपनी को दो करोड़ रुपये प्रति महीने लाभ होने की बात कही गई। वह मई 2018 में प्रोजेक्ट में शामिल हो गए। आरोप है, जिसके बाद से आरोपी फर्जी दस्तावेज के आधार पर फाइनेंस कंपनी से कुल 53.55 करोड़ का लोन लिया। इसके साथ ही इसको लेकर फर्जी पत्र तैयार करने उनको भेज दिया गया।

कोर्ट के आदेश पर कोतवाली सेक्टर 113 पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

एक अन्य बैंक से 9.80 करोड़ का फाइनेंस कराया

आरोपियों ने सरकार की ओर से कोविड 19 के दौरान शुरू की इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम के तहत एक अन्य बैंक से 9.80 करोड़ रुपये का फाइनेंस करा लिया। जिसके बाद भी प्रोजेक्ट पूरा नहीं किया। जबकि प्रतिकरण की फर्जी दस्तावेज दिखा करके प्रोजेक्ट पूरा होने का प्रमाणपत्र भी हासिल कर लिया। शर्तों के मुताबिक आरोपियों ने लोन का भुगतान भी नहीं किया। जिसके बाद जब प्रोजेक्ट पूरा नहीं हुआ तब उन्होंने मामले की जांच करवाया तो उनके साथ कुल 67.80 करोड़ का फर्जीवाड़ा किए जाने का मामला सामने आया।

किसान नेता सुखबीर खलीफा के घर में घुसे दो संदिग्ध युवक

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा के घर बुधवार सुबह घर देखने के बहाने दो संदिग्ध युवक घुस गए। दोनों की हरकत पर शक होने पर सुखबीर ने शोर मचाया। जिसके बाद दोनों संदिग्ध फरार हो गए। खबर सुनते ही आसपास के लोग और अन्य किसान नेता पहुंच गए। सभी ने कोतवाली फेज थ्री में शिकायत की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश कर रही है।

भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा परिवार के साथ सेक्टर-70 में रहते हैं। बुधवार सुबह करीब 8:24 मिनट पर सुखबीर घर के दूसरे तल पर किताब पढ़ रहे थे। तभी दो युवक वहां पहुंच गए। दरवाजा खोलते ही सुखबीर ने सीधे ऊपर आने पर सवाल पूछा। दोनों युवकों की संदिग्ध हरकत देखकर सुखबीर ने शोर मचा दिया। शोर मचते ही दोनों युवक फरार होने लगे।

सुखबीर उनका पीछा कर नीचे पहुंचे। घर के बाहर पहले से खड़ी बाइक पर दोनों बदमाश अपने तीसरे साथ के साथ फरार हो गए। मौके पर लोग इकट्ठे हो गए और दर्जनों किसान नेता पहुंच कर कोतवाली फेज थ्री थाने पहुंच गए। नोएडा सेंट्रल के एसीपी प्रथम अमित प्रताप सिंह ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। सभी पहलुओं के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। वहीं किसान नेता सुखबीर खलीफा ने कहा कि उनकी दुश्मनी किसी से नहीं है। युवक संदिग्ध दिखे थे इसलिए उनकी शिकायत पुलिस से की गई थी।

सेक्टर-70 की घटना पुलिस से की शिकायत

गेट के बाहर बाइक पर खड़ा था एक युवक

इस घटना के बाद कई सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। इसमें एक बाइक पर तीन युवक सुखबीर खलीफा के घर के पास आते दिख रहे हैं। तीनों में से एक युवक बाइक स्टार्ट कर बैठा रहा है। थोड़ी देर बाद दोनों युवक तेजी से भागते हुए दिखाई देते हैं। पीछे पीछे सुखबीर भी आ रहे होते हैं। दोनों संदिग्ध पहले से खड़े साथी के साथ बाइक पर बैठकर भाग जाते हैं।

विजय दिवस के मौके पर शहीद स्मारक में शहीद कैप्टन शशि कांत शर्मा को श्रद्धांजलि दी गई। संवाद

गवाह की हत्या में वांछित एक साल बाद गिरफ्तार

दादरी (संवाद)। बादलपुर गांव में दो साल पहले प्लॉट के रास्ते को लेकर हुए दोहरे हत्याकांड में चश्मदीद गवाह की हत्या में वांछित आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना के एक साल बाद पुलिस की गिरफ्त में आया है। पुलिस ने बताया कि गिरधरपुर गांव में 8 फरवरी 2021 को प्लॉट के रास्ते को लेकर अमित और सेलक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दोहरे हत्याकांड का चश्मदीद गवाह बुजुर्ग प्रेम सिंह था। पैरवी करने के दौरान चश्मदीद गवाह प्रेम सिंह की 16 दिसंबर 2021 को खेत से आते हुए गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। चश्मदीद गवाह प्रेम सिंह की हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी जिला बदायूं के गांव सिरसौल निवासी अरविंद कुमार को पुलिस ने बुधवार को साटीपुर की ढाल से गिरफ्तार किया है। दो आरोपी पूर्व में हो पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

रबूपुरा (संवाद)। यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार को हुए सड़क हादसे में घायल युवक ने दिल्ली के अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने युवक के पिता की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार-मथुरा के आवा खेड़ा गांव निवासी बसंत सिंह का बेटा हरेंद्र (19) दिसंबर को हेलमेट पहनकर बाइक से यमुना एक्सप्रेसवे से नोएडा जा रहा था। पलेरा गांव के पास ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हरेंद्र को पुलिस ने पहले जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दिल्ली के एम्स रेफर कर दिया गया। जहां मंगलवार देर रात उसने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने मालखाने में रखी डेढ़ करोड़ की शराब नष्ट की

दनकौर (संवाद)। दनकौर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मालखाने में कई साल से रखी करीब डेढ़ करोड़ रुपये की शराब बुधवार शाम को नष्ट कर दी। शराब की वजह से कोतवाली में जगह नहीं बची थी। पुलिस अधिकारियों ने कोर्ट से शराब को नष्ट करने की इजाजत मांगी थी। एसीपी बृजनंदन राय ने बताया कि थाने से शराब को ट्रक में भरवाकर जंगल में ले जाया गया।

कंपनी के डायरेक्टर के नाम से कर्मियों को कर रहे व्हाट्सएप

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा। साइबर जालसाज सेक्टर-135 स्थित कंपनी के डायरेक्टर के नाम से कर्मचारियों व पूर्व कर्मचारियों को व्हाट्स एप संदेश भेजकर गिफ्ट कार्ड खरीदने का निर्देश दे रहे हैं। आरोपी कंपनी के डायरेक्टर की डीपी लगाकर साइबर जालसाजी कर रहे हैं।

मामले में कंपनी की तरफ से कोतवाली एक्सप्रेस वे में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-135 स्थित इंडिया मार्ट कंपनी को अधिकारी ज्योमिका पांल ने पुलिस से शिकायत की है कि कुछ अज्ञात नंबर से कंपनी के कर्मचारियों व पूर्व कर्मचारियों को व्हाट्सएप संदेश भेजा जा रहा है। इसमें कंपनी के डायरेक्टर बृजेश अग्रवाल बताकर गिफ्ट कार्ड खरीदने का निर्देश दिया जा रहा है। कंपनी की तरफ से बताया गया है कि कंपनी वेब पोर्टल के माध्यम से बिजनेस करती है और देश भर में इस कंपनी के 40 दफ्तर है। कंपनी के पास 3000 से अधिक कर्मचारी हैं। एडीसीपी नोएडा आशुतोष द्विवेदी का कहना है कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है और मामले की जांच की जा रही है।

साइबर जालसाज गिफ्ट कार्ड खरीदने का दे रहा निर्देश

किसान के खाते से निकाले 77 हजार

रबूपुरा (संवाद)। साइबर ठगों ने अहोपुर गांव निवासी संजीव कुमार के अंगूठे के निशान का इस्तेमाल कर उनके तीन बैंक खातों से 77 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। संजीव ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्होंने जेवर के रजिस्ट्री ऑफिस में एक बैनामे के दौरान गवाही दी थी। जहां उनके अंगूठे की निशानी ली गई थी। पीड़ित का आरोप है कि इस निशान के आधार पर 15 दिसंबर को एक खाते से 530 रुपये, दूसरे से 70 हजार रुपये, जबकि तीसरे से 6900 रुपये निकाल लिए गए।

कार्ड बदल 6.50 लाख की खरीदारी

दादरी (संवाद)। रेलवे रोड पर एटीएम बूथ पर किसान का डेबिट कार्ड बदल कर दो युवकों ने करीब साढ़े छह लाख रुपये की खरीदारी कर डाली। मोबाइल में रुपये कटने के मैसेज आने पर उसे इसकी जानकारी मिली। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के तिलपता गांव निवासी ऋषिपाल सिंह खेती करता है। ऋषिपाल पिछले सप्ताह पर रेलवे रोड स्थित एटीएम बूथ से रुपये निकालने का प्रयास कर रहे थे। रुपये न निकलने पर उनके पीछे खड़े दो युवकों ने मदद की बात कह कर डेबिट कार्ड बदल दिया।

गैंगस्टर एक्ट में एक को साढ़े नौ साल तो दूसरे को साढ़े तीन वर्ष की जेल

ग्रेटर नोएडा। जिला न्यायालय की विशेष अदालत ने गैंगस्टर एक्ट ने एक बदमाश को साढ़े नौ साल और दूसरे को साढ़े तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

एडीजे ने दोनों पर पांच पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

दोनों बदमाश गिरोह बनाकर लूट और चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। एडीजे राजेश कुमार मिश्रा ने दोनों दोषियों पर पांच पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर पंद्रह दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

एडीजीसी बबलू चंदेला ने बताया कि जिला बलिया निवासी जितेंद्र कुमार के खिलाफ नोएडा फेज दो थाने में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं, नोएडा के बहलोलपुर निवासी राहुल के खिलाफ थाना फेज तीन में गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज था। दोनों बदमाश गिरोह बनाकर लूट और चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने जांच पूरी कर दोनों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। एडीजे राजेश कुमार मिश्रा की विशेष अदालत ने गैंगस्टर एक्ट में दोनों को दोषी करार दिया है और सजा सुनाई है। जितेंद्र को साढ़े नौ साल और राहुल को साढ़े तीन साल की सुनाई है। पांच-पांच हजार का अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड नहीं देने पर 15 दिन का अतिरिक्त सजा काटनी होगी। ब्यूरो

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹49400 per 10 gm
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9993889969, 01127042254

लापरवाही

लगातार शिकायतों के बाद भी परिवहन विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

छह माह में 50 से 150 हुए अवैध मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल

अमर उजाला न्यूज एजेंसी

नोएडा। जिले में अवैध मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों की संख्या में इजाफा हो रहा है। छह माह में यह संख्या 50 से बढ़कर 150 हो गई है। लगातार शिकायतों के बाद भी परिवहन विभाग आंखें मूंदकर बैठा है। अवैध ट्रेनिंग स्कूल संचालक इसका विरोध कर रहे हैं। जिले में मान्यता प्राप्त ड्राइविंग स्कूल केवल 12 हैं।

आरटीओ प्रवर्तन दीपक शाह ने बताया बुधवार को संचालकों की ओर से करीब 150 अवैध ड्राइविंग स्कूलों की सूची विभाग को दी गई है। इस सूची में मौजूद सभी अवैध स्कूल संचालकों के नंबर भी दिए गए हैं। इन नंबरों पर अमर उजाला संवाददाता ने संपर्क किया तो बात पता चला कि कई संचालकों के पास न तो कोई दफ्तर है और न ही कोई सर्टिफिकेट। अधिकृत ट्रेनिंग स्कूल संचालकों का कहना है कि अवैध तरीके से चल रहे स्कूल प्रशिक्षण लेने वाले को तकनीकी जानकारी नहीं देते। चालक की सीट पर बैठाकर उससे सड़क पर वाहन चलवाते हैं, जो जोखिम भरा है। परिवहन विभाग ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा कर रहा है। एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने बताया कि अवैध ड्राइविंग स्कूलों पर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

इस तरह कराते हैं कोर्स

- पहला कोर्स 21 दिन का होता है, जिसमें थ्योरी से लेकर सड़क पर वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस कोर्स के लिए 3500 रुपये तक फीस ली जाती है।
- दूसरा एडवांस कोर्स होता है, इसमें 13 दिन में थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाती है। 2500 रुपये तक फीस वसूली जाती है।

मानकों पर एक नजर

- थ्योरी क्लास के लिए ऑडियो-वीडियो सिस्टम होना अनिवार्य। ■ प्रशिक्षण के दौरान गाड़ी में ड्राइविंग सीट के साथ वाली सीट पर क्लच-ब्रेक का सेटअप जरूरी। ■ प्रैक्टिकल क्लास के लिए सिम्यूलेटर मशीन और उसका सेटअप भी उपलब्ध हो। ■ प्रशिक्षक के पास हेवी वाहन श्रेणी का ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी।

WEDDING COLLECTION SALE
Raymond
Extra fine Pure Wool, Silk, Linen & Cotton blended Fabrics
For Formals, Casual & Party Wears
By Economy Sales: 9212758125
Latest Range of Designs & Colors
GIFT PACKS AVAILABLE
upto 60% off
• SWEATER • SHIRT • TROUSER • SUIT • BLAZER
Raymond PARK AVENUE ColorPlus ARROW
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing